साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


## रानी मुखर्जी की हिचकी देख इमोशनल हुई धक धक गर्ल



बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी जल्द ही फिल्म हिचकी से कमबैक करने वाली हैं. बेटी के जन्म के बाद यह रानी की पहली फिल्म है और यह फिल्म 23 मार्च को रिलीज होने वाली है. इस फिल्म की रिलीज से पहले शुक्रवार को सेलेब्स के लिए फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया. हिचकी की स्पेशल स्क्रीनिंग में माधुरी दीक्षित, सुष्मिता सेन, रेखा और करण जौहर जैसे कई सितारे शामिल हुए. इस फिल्म को देखने के बाद माधुरी काफी भावुक हो गई, जिसके बाद उन्होंने फिल्म देखने के अगले दिन इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया. अपनी इस पोस्ट में माधुरी ने लिखा, हिचकी एक काफी अच्छी फिल्म है. इस फिल्म की कहानी बहुत ही अच्छी है और फिल्म की कास्ट भी अच्छी है. यह एक कंटेंट बेस्ड स्टोरी है और सिद्धार्थ पी मल्होत्रा ने काफी खूबसूरती से फिल्म का निर्देशन किया है. वहीं फिल्म में रानी का अभिनय भी जबरदस्त है. माधुरी के अलावा, करण जौहर, अनिल कपूर और कई दूसरे सितारों ने भी फिल्म को अच्छा रिव्यू देते हुए ट्वीट्स किए हैं. बता दें, रानी की यह फिल्म 23 मार्च को रिलीज होगी.

## श्रद्धा कपूर के बाद पूजा हेगड़े करेगी प्रभास के साथ काम



फिल्म बाहुबली से हिट हुए एक्टर प्रभास इन दिनों अपनी अगली फिल्म साहो की शूटिंग कर रहे हैं. इस फिल्म में उनके साथ श्रद्धा कपूर लीड रोल में नजर आने वाली हैं लेकिन यहां हम प्रभास के दूसरे प्रोजेक्ट की बात कर रहे हैं. दरअसल, प्रभास साहो के बाद एक और फिल्म में नजर आने वाले हैं और इस फिल्म में उनके साथ एक्ट्रेस पूजा हेगड़े लीड रोल में नजर आएंगी. गौरतलब है कि पूजा ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत फिल्म मोहनजोदड़ो से की थी. इस फिल्म में वह ऋ तिक रोशक के अपोजिट नजर आई थी. वहीं अगर प्रभास की फिल्म साहो की बात करें तो यह एक थ्रिलर फिल्म है जिसका निर्देशन सूजीत रेड्डी कर रहे हैं. इस फिल्म में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर लीड रोल निभा रही हैं और फिल्म में नील नितिन मुकेश, जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे और मंदिरा बेदी जैसे कलाकार भी नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा. इस फिल्म से प्रभास के फर्स्ट लुक को उनके जन्मदिन (23 अक्टूबर 2017) पर रिलीज किया गया था. वहीं श्रद्धा का फर्स्ट लुक भी उनके बर्थडे पर काफी वायरल हुआ था. बता दें, पिछले 5 सालों में यह प्रभास की पहली फिल्म है. दरअसल, प्रभास ने अपनी फिल्म बाहुबली के पहले पार्ट और फिर इसके सीच्ल की वजह से किसी दूसरी फिल्म में काम नहीं किया था. वहीं पूजा हेगड़े की बात करें तो उन्होंने कुछ तेलुगु फिल्मों में काम किया है. हालांकि, अब तक पूजा और प्रभास की इस फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की गई है और रिपोर्ट्स की माने तो इस फिल्म की शूटिंग जुलाई से शुरू हो सकती है.

## हर दूसरे दिन अभिनय के प्रस्ताव मिल रहे : किटू गिडवानी



अभिनेत्री किटू गिडवानी का कहना है कि उनकी उम्र उनके करियर के आड़े नहीं आती। यह पूछे जाने पर कि क्या 50 की आयु में काम मिलना मुश्किल है? इस पर किटू ने बताया, मुझे हर दूसरे दिन प्रस्ताव मिल रहे हैं। विज्ञापन, फिल्में, श्रृंखलाएं.. सब कुछ। उन्होंने कहा, मुझे एक पौराणिक शो की पेशकश की गई, जिसके लिए मैंने तुरंत मना कर दिया। मुझे भारी कपड़े पहनना और ओवर एक्टिंग करने में दिलचस्पी नहीं है। इन दिनों वह सोनी एंटरटेंमेंट पर प्रसारित टेलीविजन शो ये उन दिनों की बात है में समीर (रणदीप राय) की सौतेली दादी की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा, यह अच्छा और सुखद अनुभव है। यहां सभी परिवार की तरह हैं। उन्होंने अपनी भूमिका के बारे में कहा, मैं उसके (समीर) जीवन को नरक बनाने की कोशिश करती हूं क्योंकि मैं इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पाती कि वह मेरे घर में रह रहा है। इसलिए दोनों के बीच लगातार लड़ाई चलती रहती है।

## रुआंसे थे टाइगर श्रॉफ जब बागी 2 के लिए काटे गए उनके बाल



ऐक्टर टाइगर श्रॉफ को अपने बालों से बेहद प्यार है। फिल्म हीरोपंती से बॉलिवुड डेब्यू किया तो उनके बाल लंबे ही थे। इसके बाद से वह अपनी इस ट्रेडमार्क हेयरस्टाइल के साथ ही दिखाई दिए हैं। लेकिन अब आप उन्हें नए लुक में देख सकेंगे। अपकमिंग फिल्म बागी 2 के लिए उन्हें अपने बाल छोटे करवाने पड़े हैं। फिल्म की मेकिंग के विडियो में दिखाया गया है कि कैसे टाइगर के बाल काटे जा रहे हैं और उसके बाद दिशा पाटनी उनके लुक की तारीफ भी करती हैं। इस विडियो में दिखाया गया है कि टाइगर अपने बाल नहीं कटवाना चाहते थे पर उन्होंने बताया कि वह अपने बॉसेज की बात को भी नहीं टाल सकते थे। विडियो में वह काफी घबराए दिख रहे हैं लेकिन बाद में उन्हें भी अपना लुक पसंद आ रहा है। टाइगर ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा भी है कि अपने बाल कटवाते वक्त मैं काफी दुखी था।

## लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप के कारण रणवीर-दीपिका का हो सकता है ब्रेकअप!



ऐक्टर रणवीर सिंह और ऐक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की जोड़ी को उनके फैंस काफी पसंद करते हैं। जिन फिल्मों में इन्होंने काम किया, वह सुपरहिट रहीं। इसके बाद दोनों में कुछ ऐसी नजदीकियां बढ़ीं कि बात शादी तक पहुंच गई। बीते दिनों ऐसी चर्चा थी कि रणवीर और दीपिका जल्द शादी कर सकते हैं। यही नहीं, रणवीर के दीपिका के परिजनों से मुलाकात करने की भी खबरें सामने आई थीं लेकिन अब इस जोड़ी को लेकर फिल्ममेकर करण जौहर ने बड़ा खुलासा किया है। दरअसल, एक रेडियो शो में रैपिड फायर राउंड के दौरान एक कॉलर ने करण से पूछा कि बॉलिवुड के किस कपल का लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशनशिप से ब्रेकअप हो सकता है? इस पर करण ने जवाब दिया, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण को देखकर ऐसा लगता है कि दोनों को हमेशा एक-दूसरे की जरूरत होती है लेकिन काम में व्यस्त होने के कारण यह मुश्किल हो जाता है। हालांकि, रणवीर और दीपिका अक्सर अलग-अलग मौकों पर एकसाथ



नजर आते हैं। यही नहीं, रिपोर्ट्स की मानें तो डायरेक्टर रोहित शेट्टी की अगली फिल्म सिम्बा के लिए भी रणवीर चाहते हैं कि इसमें ऐक्ट्रेस के तौर पर दीपिका को कास्ट किया जाए। वह फिल्म में उनके साथ रोमांस करना चाहते हैं। इस बारे में रणवीर कई बार खुलकर रोहित के सामने दीपिका के नाम की सिफारिश भी कर चुके हैं।

## राजकुमार बने हैं आतंकवादी

राजकुमार राव की फिल्म ओमार्ता का ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को डायरेक्टर हंसल मेहता ने निर्देशित किया है। दो दिन पहले ही फिल्म का पोस्टर जारी हुआ था। इसमें राजकुमार राव बढ़ी हुई दाढ़ी और सफेद टोपी पहने दुआ कर रहे हैं। खुद राजकुमार राव ने इस पोस्टर को ट्विटर पर शेयर किया था। बुधवार को इसका ऑफिशल ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। इसमें राजकुमार राव पहली बार नेगेटिव रोल कर रहे हैं। वह आतंकवादी उमर सईद का किरदार निभा रहे हैं, जो मौजूदा वक्त के सबसे खतरनाक आतंकवादियों में से एक है। इसमें 26/11, 9/11 और एक अमेरिकी पत्रकार के सिर काटने जैसी घटनाओं को भी शामिल किया गया है। यह एक थ्रिलर फिल्म है। ट्रेलर देखकर इसमें मौजूद ऐक्शन और रोमांच का अंदाजा लगा सकते हैं। राजकुमार राव एक बार फिर से अपने एक्सप्रेशंस और ऐक्टिंग से कमाल कर रहे हैं।

## रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर के साथ आलिया भट्ट ने मनाया बर्थडे



आलिया भट्ट इन दिनों अपनी अगली फिल्म ब्रह्मास्त्र की शूटिंग बुल्गारिया में कर रही हैं और इस बार अपनी 25वां बर्थडे उन्होंने वहीं फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी और को-स्टार रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर के साथ मनाया। 15 मार्च को आलिया 25 साल की हो गई और उनके इस बर्थडे सेलिब्रेशन की तस्वीरें उनके फैन क्लब इंस्टाग्राम अकाउंट पर मिली हैं, जिसमें वह अपने फ्रेंड्स और केक के साथ नजर आ रही हैं। इस तस्वीर में रणबीर कपूर की मां नीतू कपूर भी नज़र आ रही हैं। नीतू ने भी अपने इंस्टाग्राम पर आलिया के बर्थडे की तस्वीर पोस्ट की है, जिसके साथ लिखा है, कुछ प्यारे और खूबसूरत लोगों के साथ एक शाम। रणबीर कपूर की मां ने आलिया भट्ट की एक और तस्वीर पोस्ट की, जिसमें उन्होंने लिखा है, बर्थडे गर्ल अपनी अलग ही दुनिया में। हालांकि, इन तस्वीरों में रणबीर कपूर कहीं भी नज़र नहीं आ रहे। हो सकता है इन दिनों रणबीर और आलिया के बीच लिंक-अप की लगातार आ रही अफवाहों की वजह से उन्हें पार्टी की तस्वीरों से जान-बूझकर बाहर रखा गया हो। गुरुवार को खबर आई थी कि रणबीर और अयान ने सेट पर आलिया के लिए पार्टी प्लान की है। रणबीर और आलिया ने फरवरी में ब्रह्मास्त्र की शूटिंग शुरू की है।

## महिलाओं के सोलो गीत की संख्या में और कमी आई है : सोना मोहपात्रा

'रुपैया' और 'घर याद आता है मुझे' जैसे गीतों से भारतीय संगीत उद्योग में अपनी अलग पहचान बनाने वाली गायिका सोना मोहपात्रा का मानना है कि पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को अवसर भले ही आसानी से न मिले, लेकिन वे अपनी प्रतिभा के बलबूते आगे बढ़ सकती हैं और अपना मुकाम बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि अपनी पहचान बनाने के लिए गायिकाओं को हालात अपने पक्ष में करने होंगे और ये मुकाम वे तभी हासिल कर सकती हैं। सोना ने 'अंबरसरिया', 'बहारा', 'जिया लागे ना' जैसे गाने भी गाए हैं। बातचीत में उनसे पूछा कि क्या शोबिज की दुनिया में गायिकाओं के लिए अपनी पहचान बनानी मुश्किल है, तो उन्होंने कहा, ''हां, यह मुश्किल है। यह चुनौती का एक बड़ा हिस्सा है, क्योंकि आपको आपकी प्रतिभा ही दूर तक ले जाती है। संगीत उद्योग में जगह बनाने के लिए दृढ़निश्चय और धैर्य की जरूरत होती है, क्योंकि महिलाओं को अवसर आसानी से नहीं मिलते। अपनी पहचान बनाने के लिए महिलाओं को अपनी कोशिशों से हालात अपने पक्ष में करने होंगे।'' सोना ने कहा, ''मुख्यधारा में रिलीज हर 100 गीतों पर महिलाओं द्वारा गाए गीतों की संख्या महज 12 होती है। अब महिलाओं के सोलो गीत की संख्या में और कमी आई है, यह हाल उस देश में है, जहां मंगेशकर बहनों (लता और आशा) के गीतों के बगैर संगीत उद्योग अधूरा सा है। यह देश वही है और महिला कलाकारों को पुरुष कलाकारों की तरह ही प्यार करता है, लेकिन संगीत उद्योग कहीं न कहीं पिछड़ा है।''गायिका ने कहा, ''बड़े संगीत महोत्सव जैसे 'एनएच7 विकेंडर' महिलाओं के प्रति पूरी तरह से पूर्वाग्रह से ग्रसित हैं और यहां तक कि आईआईटी जैसे संस्थान भी अपने कार्यक्रमों में गायिकाओं को ज्यादा नहीं बुलाते हैं। अवार्ड शो में भी कमोबेश यही स्थिति है। अपनी पहचान बनाने के बेहद कम मौके हैं। संगीत शोबिज से कहीं बढक़र है और गायिका होने के अलावा भी मैं बहुत कुछ हूं।'' उन्होंने कहा, ''मैं पढ़ाई में टॉपर रही हूं। मैंने बीटेक और एमबीए किया है। इस तरह की शैक्षिक पृष्ठभूमि से मुझे एक सफल प्रोडक्शन हाउस की स्थापना में मदद मिली। मैंने घर बैठकर प्रस्ताव मिलने का इंतजार नहीं किया, बल्कि 2006 में अपना सोलो अल्बम 'सोना' को म्यूजिक वीडियो 'आजा वे', 'बोलो ना', 'अभी नहीं आना' और 'तेरा इश्क' के साथ जारी किया, जिनके बारे में आज भी बातें होती हैं।''उन्होंने कहा, ''मुझे आमिर खान के सहयोग से दर्शकों तक पहुंच बनाने में मदद मिली। खासकर 'सत्यमेव जयते' शो में गाने का अवसर मिलने के लिए मैं आभारी हूं। इस साल 'लाल परी मस्तानी' के लांच के साथ संगीत से परे खुद को अभिव्यक्त करने जा रही हूं।''

## हर्षवर्धन कपूर के नखरों से फिर परेशान हुए मीडियाकर्मी





अपने नखरों के लिए फेमस अनिल कपूर के बेटे हर्षवर्धन कपूर ने हाल ही में फिर से अपने टैन्ट्रम दिखाए। हर्षवर्धन का ऐटिट्यूड एक बार फिर मीडिया के सामने आया। सिर्फ एक फिल्म पुराने हर्षवर्धन शुरू से ही उनके गुरूर और नखरों के लिए खूब मशहूर है। हाल ही में एक इवेंट में पहुंचे हर्षवर्धन के नखरों का सामना मीडिया फटॉग्रफर को करना पड़ा। सूत्र बताते हैं, जब हर्षवर्धन इवेंट में पहुंच कर फोटो क्लिक करवाने के लिए पोज दे रहे थे, तब कुछ फटॉग्रफर ने उन्हें हर्ष कहकर बुलाया। फटॉग्रफर का इस तरह नाम लेना उन्हें बिल्कुल भी पसंद नहीं आया, गुस्साए हर्ष ने तुरंत कहा कि उन्हें हर्ष नहीं बल्कि पूरा नाम हर्षवर्धन कहें। हर्ष के इस तरह बर्ताव करने के बाद कुछ फोटॉग्राफर ने उनकी जमकर चुटकी ली। हर्षवर्धन को बार-बार हर्ष कहकर खूब चिढ़ाया। खबर है कि अपने गुरूर और नखरों के कारण पिछले दिनों एक फैशन इवेंट से हर्ष को हटा दिया गया था। दरअसल हर्ष ने फैशन इवेंट पर हिस्सा लेने के लिए इतनी ज्यादा चीजों की डिमांड कर दी थी कि परेशान इवेंट वालों ने हर्ष को इवेंट शुरू होने के ठीक पहले किसी दूसरे सितारे के साथ रिप्लेस कर दिया। हर्ष अपनी फ्लॉप फिल्म मिर्जिया के प्रमोशन के दौरान भी अपने इसी गुरूर और नखरों की वजह से खूब बदनाम हुए थे। मिर्जिया फ्लॉप हुई थी तो हर्षवर्धन ने एक बयान देकर फिल्म के फ्लॉप होने की वजह फिल्म की टीम के सर मढ़ दिया था। हर्ष ने कहा था, गुलजार साहब की गलती है। उन्होंने ऐसी कहानी लिखी और उसे इस तरह से कहा गया कि लोग समझ ही नहीं पाए। न तो फिल्म में 70-80 के दशक की धांसू डायलॉग बाजी थी न ही फिल्म में कोई आइटम सॉन्ग था। फिल्म की पहली झलक ने ही लोगों को प्रभावित नहीं किया। अब यह तो मार्केटिंग वालों की गलती है, इसीलिए तो लोग फिल्म देखने नहीं आए। मुझे नहीं लगता कि इस फिल्म में मेरे अभिनय में किसी भी तरह के कोई बदलाव की जरूरत थी।

## नेपोटिज़्म होता तो स्टार किड्स टॉप में होतेः करीना कपूर

बॉलिवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर ने एक बातचीत के दौरान नेपोटिज़्म पर कहा कि अगर भाई-भतीजावाद जैसी कोई बात फिल्म इंडस्ट्री में होती तो आज जितने भी स्टार किड्स हैं वह इंडस्ट्री को रूल कर रहे होते। उन्होंने रणवीर सिंह का नाम लेकर कहा कि रणवीर के माता-पिता तो फिल्म स्टार नहीं है... फिर भला क्यों आज बॉलिवुड का हर निर्देशक उन्हें अपनी फिल्म में साइन करना चाहता है। करिश्मा कपूर कहती हैं, ईमानदारी से कहूं तो फिल्म इंडस्ट्री में भाई-भतीजावाद से काम नहीं चलता बल्कि यहां स्टारडम आपके टैलंट के दम पर मिलता है। हम किसी के भी बेटे-बेटी या कोई भी रिश्तेदार तो हो सकते हैं... लेकिन जब आप सिल्वर स्क्रीन पर आते हैं तो आपके परिवार का नाम आपके टैलंट को बढ़ने के काम नहीं आता। फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए सिर्फ और सिर्फ आपका हर मामले में होनहार होना ही काम आता है। कंगना के लिए मैं कहूंगी सबके अपने विचार होते हैं और हमें उनके विचारों का सम्मान करना चाहिए। भाई-भतीजावाद पर करीना ने कहा, इंडस्ट्री में बहुत सारे स्टार के बच्चे ऐक्टर-ऐक्ट्रेस हैं, यदि नेपोटिज़्म जैसी बात होती तो सितारों के बच्चे नंबर 1 की कुर्सी पर बैठे होते। अब देखिए न आज के समय में जिस तरह रणवीर सिंह बिना फिल्मी बैकग्राउंड के इंडस्ट्री में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, आज इंडस्ट्री का हर बड़ा निर्माता-निर्देशक उन्हें साइन करना चाहता है।

## मॉडलिंग अब गंभीर और चुनौतीपूर्ण पेशा



बॉलीवुड में सफलता प्राप्त करने से पहले मॉडलिंग कर चुकीं अभिनेत्री बिपाशा बसु का कहना है कि मॉडलिंग अब गंभीर और चुनौतीपूर्ण पेशा बन गया है। बिपाशा से मॉडलिंग में आए बदलाव के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''यह गंभीर व्यवसाय बन गया है। इस क्षेत्र में हमेशा बेहतरीन लोगों की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह एक चुनौतीपूर्ण पेशा है। जो लोग प्रवेश कर रहे हैं, उनके लिए स्वास्थ्य देखभाल, सही खाना और फिट रहना आवश्यक है।'' बिपाशा ने करिश्मा और दीपा सोंधी के संग्रह 'रसभरी' के लिए वॉक किया। लाल रंग का लहंगा और ब्लाउज पहने बिपाशा राजधानी में लौटने से बेहद खुश नजर आईं। उन्होंने कहा, ''मैं दिल्ली वापस आकर खुश हूं। मेरा मॉडलिंग के दिनों वाला अहसास तरोताजा हो गया।'

## एक बार फिर साथ दिखेंगे अरशद वारसी और जूही चावला





आखिरी बार साल 2008 में जयदीप सेन की फिल्म क्रेज़ी 4 में साथ काम कर चुके अरशद वारसी और जूही एक बार फिर पर्दे पर साथ लौटने को तैयार हैं। अरशद की अगली फिल्म में जूही गेस्ट रोल में नजर आनेवाली हैं। हालांकि, इस साइकॉ लजिकल थ्रिलर फिल्म का नाम अभी तक तय नहीं है, जिसे डायरेक्ट कर रहे हैं ऐड फिल्ममेकर निधिश। जूही ने फिल्म की शूटिंग सोमवार से शुरू कर दी है। यह एक कॉमन आदमी की कहानी है, जो किसी अनकॉमन सिचुएशन के बीच फंस जाता है। जूही की एंट्री कहानी में ट्विस्ट लेकर आएगी। जूही ने कहा है कि इस फिल्म में उनका किरदार चैलेंजिंग है और पहली सुबह की शुरुआत ही इसी डिसकशन से हुई कि उन्हें यह रोल कैसे करना है। उन्होंने बताया कि आखिरकार शूटिंग की शुरुआत दोपहर 1 बजे शूरू हुई। जूही ने बताया कि अर्जुन पंडित (1999) और गुलाब गैंग (2014) के बाद यह उनकी तीसरी फिल्म होगी, जिसमें वह नेगेटिव किरदार में नज़र आएंगी। 3 दिनों तक अपने हिस्से की शूटिंग के बाद जूही एक गाने की भी शूटिंग करेंगी। फिल्म में दिव्या दत्ता अरशद वारसी की पत्नी की भूमिका में होंगी।

## लोगों को अक्सर लगता है कि मैं दिल्ली से हूं : आर्यन

हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'सोनू के टीटू की स्वीटी' की सफलता का आनंद ले रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन का कहना है कि लोगों को अक्सर लगता है कि मैं दिल्ली से हूं। हालांकि, कार्तिक इसे प्रशंसा के तौर पर देखते हैं। अभिनेता ने अमेजॉन इंडिया फैशन वीक (एआईएफडब्लू) के ऑटम-विंटर 2018 शो में डिजाइनर पवन सचदेवा के लिए रनवे पर वॉक की। उन्होंने कहा, ''मैं आधा दिल्ली का हूं क्योंकि मेरे पिता का परिवार यहां से हैं वैसे मैं ग्वालियर का हूं। मुझे नहीं पता कि लोगों को आमतौर पर ऐसा क्योंकि लगता है कि मैं पूरी तरह से दिल्ली वाला हूं। शायद मेरे चेहरे से या जिस तरह से मैं बात करता हूं, लेकिन मैं इसे प्रशंसा मानता हूं।''